क्राफ्ट पेपर महंगा, बॉक्स उद्योग खतरे में

कोलकाता, १७ फरवरी (नि.प्र.)। ईस्ट इंडिया कॉरुगेटेड बॉक्स मैन्यूफैक्चर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हेमंत सरावगी ने क्राफ्ट पेपर की कीमतों में हो रही बेतहाशा वृद्धि पर चिंता जताते हुए कहा है कि बक्सा उद्योग इससे गंभीर संकट से घिर गया है। उन्होंने क्षेत्रीय पेपर मिलों से अपील की है कि नियमित तौर पर उत्पादन बंद करके क्राफ्ट पेपर की आपूर्ति को प्रभावित न करें। इससे कारुगेटेड बॉक्स (लोहे के बक्से अथवा ट्रंक) उद्योग को नुकसान हो रहा है। श्री सरावगी ने कहा कि बक्सा उद्योग के टिके रहने के लिए अपनी कीमतों में १५-१८ फीसदी की बढ़ोत्तरी करनी होगी। इस उद्योग को बंद होने से बचाने की अपील वित्त मंत्रालय से भी की गई है।